TATA

सेवा में,

दिनांकः 3 फरवरी 2022

संयुक्त निदेशक, प्रशिक्षण / शिशिक्षु,
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर, अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश,

विषयः आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु टाटा मोटर्स लखनऊ में जॉब ट्रेनी हेतु कार्य करने का अवसर।

महोदय,

टाटा मोटर्स लखनऊ ऑटोमोबाइल क्षेत्र की एक अग्रणी कम्पनी है, जिसके लखनऊ स्थित प्लाण्ट में जहाँ बस एवं ट्रक चेसिस का विनिर्माण होता है, हेतु ITI/NTC (National Trade Certificate) उत्तीर्ण योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों की आवश्यकता है।

Job Trainee हेतु अर्हता शर्तें:

क0 सं0	अर्हता	विवरण
1	आयु	01 जनवरी 2022 को आवेदक की आयु 18 वर्ष से 28 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। (अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 जनवरी 2004 से 2 जनवरी 1994 के मध्य हो)
2	शैक्षिक योग्यता	Class 10th भारत के किसी राज्य बोर्ड / C.B.S.E. बोर्ड / I.C.S.E बोर्ड से उत्तीर्ण होना चाहिए।
3	तकनीकी योग्यता	आवेदक फिटर / मैकेनिक मोटर वेहिकल / मैकेनिक डीजल इंजन / वेल्डर / पेंटर जनरल / मैकेनिक ऑटो बॉडी पेन्टिंग / इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रीशियन (पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन) / इलेक्ट्रानिक मैकेनिक / मशीनिष्ट / मशीनिष्ट ग्राइंडर / टर्नर ट्रेडों में से किसी एक में NCVT/SCVT बोर्ड द्वारा स्वीकृत ITI से न्यूनतम 60% अंकों के साथ ITI/NTC (अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा) उत्तीर्ण होना चाहिये।
4	शारीरिक स्वस्थता	आवेदक कम्पनी के कार्यकलाप की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करने में सक्षम हो।

जॉब ट्रेनिंग अवधि	जॉब ट्रेनिंग अवधि एक वर्ष होगी। कम्पनी द्वारा अनुभव प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जायेगा। कार्य निष्पादन संतोषजनक पाए जाने पर आगे भी मौका दिया जा सकता है।
चयन प्रकिया	चयन प्रकिया त्रिस्तरीय– लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं मेडिकल परीक्षण के आधार पर किया जायेगा।
ट्रेनिंग मानदेय (स्टाइपेण्ड)	जॉब ट्रेनी हेतु चयनित अभ्यर्थियों को 10500 रूपये प्रतिमाह का आकर्षक मानदेय (स्टाइपेण्ड) एवं 500 रूपये का गुड अटेंडेंस अवार्ड प्रदान किया जायेगा। तथा कम्पनी द्वारा प्रदत्त अन्य सुविधायें जैसे कैन्टीन, ट्रांसपोर्ट (प्लाण्ट से लखनऊ शहर तक आने–जाने हेतु) इत्यादि भी प्रदान किया जायेगा।
स्कीम एवं पात्रताः	1) उक्त जॉब ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत है तथा इसका कम्पनी की अप्रैन्टिसशिप स्कीम से कोई भी संबंध नहीं है। 2) आवेदक ने कम्पनी में पहले किसी भी रूप में ट्रेनिंग / कार्य न किया हो / न ही पहले किसी भी रूप में चयनित हुआ हो / और पिछले 90 दिनों के अंदर कम्पनी की किसी भी चयन प्रकिया में सम्मिलित न हुआ हो।
आवेदन कैसे करें:	पात्र इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन नीचे दिये गये लिंक या QR कोड को स्कैन करके 13 **फरवरी 2022 तक** कर सकते हैं। **Link:-** https://forms.office.com/r/Wj30WhBxQW

महोदय से निवेदन है कि इस सूचना को अभ्यर्थियों को सूचित करने हेतु अग्रसारित करने का कष्ट करें।

सादर भवदीय,

Jasneet

डिप्टी जनरल मैनेजर (इ0आर0, सी0एस0आर0 एण्ड स्किल डेवलेपमेण्ट)
कृते टाटा मोटर्स लि0, लखनऊ

प्रतिलिपिः प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ
प्लैसमेंट आफिसर, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ–इस आशय के साथ प्रेषित व्यापक प्रचार एवं प्रसार हेतु।